# POLICE COMMISSIONERATE
# GAUTAM BUDH NAGAR
# सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 28.05.2025

## 1. थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा करीब 04 वर्षो से फरार/वांछित चल रहा 50,000 रूपये का पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार किया गया।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **28.05.2025** को **थाना सेक्टर-63** नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलीजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज (बी.ओ.आर) तैयार कर फ्लैट विक्रय के नाम पर धोखाधडी करने वाला एवं करीब 04 वर्षो से फरार/वांछित चल रहा 50,000 रूपये का पुरस्कार घोषित अपराधी प्रकाश झा पुत्र सुरश्याम झा को सेक्टर-62 गोल चक्कर से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो अपनी गिरफ्तारी से लगातार बच रहा था तथा करीब 04 वर्षो से फरार/वांछित चल रहा था। अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त के विरूद्ध धारा 82/83 सीआरपीसी की कार्यवाही पूर्व में कर मफरूरी में आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा चुका था एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 50,000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

**अपराध करने का तरीका--** गिरफ्तार अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त कम्पनी एस0सी0सी0 बिल्डर प्रा0लि0 एच-69 सेक्टर-63, नोएडा में वर्ष-2011 से एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्य कर रहा था। एस0सी0सी0 बिल्डर प्रा0लि0 कम्पनी आवासीय फ्लैटो का निर्माण कर विक्रय करती है। अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त द्वारा अपने अन्य साथी 1-नवनीत कौर पत्नी गगनद्वीप सिंह 2-गौरव शर्मा पुत्र गगन बघाई 3-विशाल कटियार पुत्र राकेश कटियार के साथ मिलकर कम्पनी के फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज (बी.ओ.आर) तैयार कर फ्लैट खरीदारों के नाम पंजीकृत विक्रय विलेख बिना एस0ओ0पी0 का पालन किये तथा बिना किसी अधिकार के निष्पादित करके लगभग 12 करोड़ रूपये का गबन किया गया था। उक्त गबन करने के बाद अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त अपने साथियों के साथ कम्पनी को बिना नोटिस दिये एवं कम्पनी से बिना एनओसी लिए कम्पनी छोडकर भाग गया था तथा अपना मोबाइल फोन भी बन्द कर लिया था। अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर उक्त कम्पनी को ब्लैकमेल करने की नियत से कम्पनी की गोपनीय जानकारी भी अन्य जगह मेल की गयी थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में दिनांक 10.08.2021 को वादी (निदेशक एस0सी0सी0 बिल्डर प्रा0लि0) के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना फेस-3 नोएडा पर मु0अ0सं0 865/2021 धारा 420/406/467/468/471/408/34 भादवि पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त प्रकाश झा उपरोक्त के अन्य साथी 1-नवनीत कौर 2-गौरव शर्मा 3-विशाल कटियार उपरोक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**अभियुक्त का विवरण--**

प्रकाश झा पुत्र सुरश्याम झा निवासी एल ब्लाक, मंगोलपुरी, थाना मंगोलपुरी, नोर्थ वेस्ट दिल्ली वर्तमान पता एकता अपार्टमेंट मुण्डका, थाना मुण्डका, दिल्ली (उम्र 42 वर्ष) शिक्षा-बी0काम0।

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1- मु0अ0सं0 865/2021 धारा 420/406/467/468/471/408/34 भादवि थाना फेस-3, नोएडा।
2- मु0अ0सं0 415/2022 धारा 174ए भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा।
3- मु0अ0सं0 180/2010 धारा 419/420/468/471 थाना राजोरी गार्डन, पश्चिमी दिल्ली।

## 2. थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 06 किलो 800 ग्राम गांजा, 500 ग्राम मादक पदार्थ ओजी व घटना में प्रयुक्त मर्सिडीज कार बरामद ।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **28.05.2025** को **थाना सेक्टर-126** पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी करने वाला अभियुक्त हरिशिकेश दामोदर पुत्र दामोदार पी.बी. को असगरपुर टी-प्वाइंट के पास से **गिरफ्तार** किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 06 किलो 800 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रूपये), 500 ग्राम मादक पदार्थ ओजी (अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रूपये) व घटना में प्रयुक्त मर्सिडीज कार रजि0नं0- DL8CU2800 बरामद की गयी।

**अभियुक्त का विवरण--** हरिशिकेश दामोदर पुत्र दामोदार पी.बी. निवासी पैराटूर हाउस, थाना कहानगढ, जिला कारगौड (केरल) वर्तमान पता जे.पी. कोसमोस सेक्टर 134 नोएडा, उम्र 21 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

मु0अ0सं0-0081/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना सेक्टर-126, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1- 06 किलो 800 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रूपये)
2- 500 ग्राम मादक पदार्थ ओजी (अनुमानित कीमत लगभग 03 लाख रूपये)
3- घटना में प्रयुक्त मर्सिडीज कार रजि0नं0- DL8CU2800

## 3.थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 'ट्रान्सफर डीड' करने वाला फर्जी दस्तावेज के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **28.05.2025** को **थाना सूरजपुर पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करते हुए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 'ट्रान्सफर डीड' करने वाला अभियुक्त महिपाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह को **गिरफ्तार** किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 28.05.2025 को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से अभियुक्त महिपाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह द्वारा ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित अलॉटमेंट नं0- R0138560 को फर्जी कूटरचित आधार कार्ड जो कि प्रेम प्रकाश सिंह पुत्र उत्तम सिंह के निवासी डी-4 विद्युत नगर, एनटीपीसी कॉलोनी, दादरी गौतमबुद्धनगर के नाम से है पर अपने फोटों का प्रयोग करते हुए फर्जी तरीके से वीर सिंह पुत्र ब्रजलाल निवासी सौरभ विहार, जैतपुर, साउथ दिल्ली के नाम 'ट्रांसफर डीड' करते हुए पकड़ा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अभियुक्त का विवरण--

महिपाल पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम जौली, थाना सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर।

### पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0- 306/2025 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/61(2) बीएनएस, थाना सूरजपुर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

### बरामदगी विवरण--

1- 01फर्जी एवं कूटरचित आधार कार्ड प्रेम प्रकाश सिंह।
2- 01 पैनकार्ड फर्जी एवं कूटरचित प्रेम प्रकाश सिंह।